खबर संक्षेप

## आज से शहर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**छिन्दवाड़ा।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने एवं जनसामान्य की सुरक्षा की दृष्टि से 01 जनवरी 2026 से आगामी 30 दिवस की अवधि तक प्रतिदिन सुबह 07:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक छिंदवाड़ा नगर सीमा क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रखा जाएगा। आपातकालीन वाहन जैसे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, पुलिस वाहन आदि पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा तथा उन्हें प्रवेश की अनुमति रहेगी। यदि किसी भारी वाहन का इस अवधि में प्रवेश अत्यावश्यक होगा, तो संबंधित वाहन को जिला पुलिस अधीक्षक अथवा अपर कलेक्टर से पूर्व अनुमति प्राप्त करने के उपरांत ही प्रवेश प्रदान किया जाए। अनुमति के अभाव में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः निषिद्ध रहेगा एवं उल्लंघन की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने इन निर्देशों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित कराने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।

## मोहगांव पहुंचकर जिला भाजपा अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

**मोहगांवहवेली।** बुधवार को जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ में मोहगांव हवेली में देवराव फरकसे जी के निवास स्थान पर उनके पुत्र एवं भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता स्व. ललित के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवारजनों से भेंट कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहड़ के द्वारा परिजनों से चर्चा करते हुए कहा कि इस दुःख की घड़ी में हम सब उनके परिवार के साथ खड़े हैं,और मैं ईश्वर प्रार्थना करता हूं कि प्रभु दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें तथा परिवारजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस दौरान नगर पंचायत मोहगांव हवेली अध्यक्ष,संदीप घाटोडे, भाजपा नेता देवेंद्र गायकवाड, नरेंद्र ठोंबरे के अलावा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

20-25 वर्षों से जमे बाबूओं की वजह से मचा है भ्रष्टाचार

# बाबूओं के हवाले है सीएचएमओ कार्यालय





लक्ष्मण बरड़े, सहायक ग्रेड -3, 15 सालों से कार्यरत

सतीश शर्मा, सहायक ग्रेड -3, 15 सालों से कार्यरत, राजपत्रित शाखा पीसीपीएनडीटी

संकेत अवस्थी, सहायक ग्रेड -3, 15 सालों से कार्यरत

देवेन्द्र माहोरे, कम्प्यूटर ऑपरेटर, 4 साल से आउटसोर्स

आशीष बड़े, --, 28 साल से कार्यरत, लेखा शाखा

प्रमोद वासनिक, जिला मीडिया प्रभारी, 15 साल से कार्यरत

पुष्पा कुडापे, सहायक ग्रेड -3, 20 साल से कार्यरत

रजनी नागेश, --, 15 साल से कार्यरत, एनएचएम संविदा स्थापना

राजेश बघेल, लेखापाल, 25 सालों से कार्यरत मूल पोस्ट पिंडरई कला अटैच सीएचएमओ कार्यालय छिंदवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा (मनीष गड़करी)




जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का कार्यालय बाबूओं के भरोसे चल रहा है। बरसों से जमे बाबूओं की जानकारी निकालने हरिभूमि जब सीएचएमओ कार्यालय पहुंचा तो स्थिति देखकर यह तो स्पष्ट नजर आया कि स्वास्थ्य विभाग में चल रहे भ्रष्टाचार को संचालित करने में इन बरसों से जमे बाबूओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कौन सी फाइल को आगे बढ़ाना है और किसको दबाना, कहां से वसूली करना है यह सब बकायदा सेट है। हमारे सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाबू राज के चलते ही स्वास्थ्य विभाग सैकड़ों जानों और आम आदमी के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने के लिए तैयार है। 2025 में जहरीले सिरप से 25 मासूमों की मौत जिन महानुभावों के कार्यकाल के समय हुई उन पर कार्यवाही की आंच का एक तिनका भी नहीं गिरा। अगर इन बाबूओं पर शिकंजा नहीं कंसा गया तो आने वाले समय में ही सीएचएमओ कार्यालय भ्रष्टाचार की कहानियां गढ़ने में इतिहास रचने वाला है।

शासन की ट्रांसफर नीति और पारदर्शिता के दावों को ताक पर रखकर एक ही स्थान पर बरसों से जमे बाबुओं ने पूरे कार्यालयी सिस्टम को अपने नियंत्रण में ले लिया है। आरोप हैं कि इसी जमीनी पकड़ के चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है और जनस्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। सूत्रों के अनुसार, CHMO कार्यालय की कई संवेदनशील शाखाओं— स्थापना, लेखा, खरीदी, भुगतान और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) से जुड़ी फाइलों—में बाबू 10 से 25 वर्षों से एक ही कुर्सी पर जमे हुए हैं। यही लंबी पदस्थापना भ्रष्टाचार की सबसे बड़ी वजह मानी जा रही है।

### फाइलों पर कब्जा, कमीशन का खेल

कार्यालय में दवाइयों व उपकरणों की खरीदी संविदा कर्मचारियों की नियुक्ति अस्पतालों के भुगतान बिल व अनुदान स्वीकृति जैसे मामलों में फाइलें जानबूझकर रोकी जाती हैं। बाद में सेटिंग और लेन-देन के बाद वही फाइलें तेजी से आगे बढ़ती हैं। स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई कर्मचारियों का कहना है कि बिना बाबुओं की "कृपा" के कोई भी काम समय पर नहीं होता। सबसे अहम सवाल यह है कि CHMO कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी इस स्थिति से अनजान कैसे हैं? शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि संवेदनशील पदों पर लंबे समय तक एक ही व्यक्ति की पदस्थापना नहीं होनी चाहिए, फिर भी वर्षों से जमे बाबुओं पर न तो कार्रवाई हो रही है और न ही स्थानांतरण।इससे यह संदेह और गहरा जाता है कि कहीं न कहीं भ्रष्टाचार को मौन संरक्षण प्राप्त है।

**इस खबर पर सीएचएमओ का पक्ष रखने के लिए उनके मोबाइल नंबर 9424648639 पर कॉल करने का प्रयास किया गया परंतु उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। जिससे उनका पक्ष नहीं जा सका।**

### बाबूओं की कृपा की वजह से बिना लाइसेंस चल रही पार्थ पैथालॉजी पर नहीं हुई कोई कार्यवाही

हरिभूमि ने दस दिन पूर्व ही प्रमुखता के साथ बिना लाइसेंस के चल रहे फर्जी पार्थ पैथालॉजी के बारे में खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था जिसकी जानकारी अखबार के माध्यम से, जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित और मौखिक रूप से दी गई थी परंतु डॉक्टर गुन्नाड़े आउट सोर्स बाबू देवेन्द्र माहोरे के हवाले शिकायत को देकर शांत हो गए। बाकी की कार्यवाही देवेन्द्र स्वयं करते नजर आया। जन स्वास्थ्य से जुड़ी इतनी बड़ी लापरवाही की खबर प्रकाशित होने और शिकायत प्राप्त होने के बाद भी अगर सीएचएमओ की कलम एक बिंदु भी आगे नहीं चली तो स्पष्ट है कि जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कितने हलके में ले रहे है। दरअसल सीएचएमओ अपनी गद्दी पर ही विशेष ध्यान है क्योंकि कुर्सी की कश्मकश ने स्वास्थ्य विभाग के इस महत्वपूर्ण पद पर बैठकर जिम्मेदारी से अपने कार्य का निर्वहन नहीं किया गया है। यह हम नहीं कह रहे है विगत दस दिनों से खबर संज्ञान में आने के बाद भी पार्थ पैथालॉजी के संचालक के पति शासकीय सेवा में रहने के बाद भी बिना लाइसेंस की पैथालॉजी का संचालन कर रहे है और प्रतिदिन सैकड़ों रिपोर्ट तैयार कर डॉक्टरों को भेज रहे है जिसमें कमीशन के रूप में डॉक्टर की भी सेवा की जा रही है। ऐसे में पूरा गिरोह के रूप में काम करते हुए स्वास्थ्य विभाग का अमला कार्य कर रहा है। अगर जल्द ही इस पर कठोर कार्यवाही नहीं की गई तो आने वाले समय में बिना विज्ञापन के गुपचुप तरीके से की गई भर्ती जैसे बड़े मामले सामने आएंगे और अयोग्य व्यक्तियों को पद पर बैठालकर योग्यता के साथ खिलवाड़ किया जाएगा और अयोग्य व्यक्ति स्वास्थ्य विभाग के पदों पर बैठकर आम आदमी के स्वास्थ्य के साथ आर्थिक नुकसान भी करने में कोई गुरेज नहीं करेंगे। स्वास्थ्य विभाग में वरिष्ठ अधिकारियों को विशेष ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि यह विभाग सीधा लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा है।

### जनस्वास्थ्य पर सीधा असर

इस 'बाबू राज' का सीधा असर आम जनता और मरीजों पर पड़ रहा है। अस्पतालों में संसाधनों की कमी भुगतान अटकने से सेवाएं प्रभावित योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिलनाये सब इसी भ्रष्ट सिस्टम का नतीजा बताए जा रहे हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की बात करती है, लेकिन **CHMO** कार्यालय की अंदरूनी हकीकत इन दावों को कठघरे में खड़ा करती है। जब तक वर्षों से जमे बाबुओं की भूमिका की निष्पक्ष जांच नहीं होती और जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, तब तक 'बाबू राज' खत्म होने की उम्मीद कम ही है।

सांसद से मिलने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे लोग

## सांसद ने जनता दरबार में हल की लोगों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

पुरे साल भर छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले के लोगों के हर दुख दर्द और खुशी में शामिल होने वाले सांसद बंटी विवेक साहू से साल के अंतिम दिन भी मिलने के लिए उनके परासिया रोड स्थित कार्यालय में बुधवार को बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

सांसद श्री साहू ने भी छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिले भर से आये लोगों से मुलाकात करते हुए उनकी समस्याओं को सुना और कुछ लोगों की समस्याओं पर तत्काल ही संबंधितों को मोबाईल पर बात कर उनकी समस्या का तत्काल हल करने के लिए कहा। वही कुछ लोगों की समस्याओं पर संबंधित अधिकारियों और विभाग को लेटर जारी करने के निर्देश दिये।

इस दौरान कुछ लोगों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं से सांसद श्री साहू को अवगत कराया वही कई लोगों ने सामुहिक रूप से मुलाकात कर उनकी परेशानियों को सांसद श्री साहू के समक्ष रखा। कुछ आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों से बात कर उनकी समस्या का शीर्घ ही निराकरण करने का आश्वासन आवेदकों को दिया। बुधवार को सांसद श्री साहू से मिलने पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याओं का निराकरण पाकर उन्हें धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

### सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से 3 मरीजों को मिली 1 लाख 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि

**छिन्दवाड़ा।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज एवं उनके परिजन लगातार सांसद बंटी विवेक साहू से संपर्क कर बिमारी के लिए आर्थिक सहायता की अर्जी लगा रहे है। सांसद श्री साहू भी सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार कर उन्हें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से मरीजों को सहायता राशि भी उपलब्ध करा रहे है। वर्तमान में सांसद श्री साहू के प्रयासों से 3 मरीजों को 1 लाख 25 हजार की आर्थिक सहायता राशि प्राप्त हुई है। उक्त राशि मिलने से तीनों मरीजों का बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से ईलाज कराने में असमर्थ लोगों को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सहयोग से उनकी स्वेच्छानुदान मद से सहायता राशि दिलाने का सिलसिला लगातार जारी है। मुख्यमंत्री श्री यादव के द्वारा मरीजों को प्रतिमाह लाखों रूपयों की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। विदित हो कि विगत दिनों मरीजों के परिजनों ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देकर गंभीर रूप से बीमार मरीजों का ईलाज कराने में असमर्थता जताते हुए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की थी। उक्त आवेदनों पर गंभीरता पूर्वक विचार कर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता दिलाने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने परासिया के वार्ड नं. 07 निवासी श्रीमती कुंवरवती पति गनाराम धुर्वे को 30 हजार, पांढुर्णा के रिगनखापा निवासी प्रतिक्षा पिता मुरलीधर भोमल को 30 हजार और छिन्दवाड़ा के वार्ड नंबर 33 निवासी श्रीमती छविनम पति रत्नेश श्रीवास्तव को 65 हजार की राशि अपनी स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता स्वीकृत कर दी है।

## एसआईआर को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष मोहोड़ ने ली बैठकें

**सौंसर।** विधानसभा क्षेत्र के के अंतर्गत जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के द्वारा निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में बैठके लेकर एसआईआरको लेकर के सम्बंध में जानकारी दी जा रही है। बुधवार को नगर लोधीखेडा में एसआईआर को लेकर लोधीखेडा मंडल के पदाधिकारियों एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की गई।वही नगर मोहगांव में एसआईआरको लेकर पीपला नारायणवार मंडल के पदाधिकारियों ओर ग्राम बोरगांव में लोधीखेडा मंडल के पदाधिकारियों एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं को जानकारी दी, बैठक को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ ने कहा की भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। उन्होंने एसाईआर को लेकर संगठनात्मक आंतरिक समीक्षा) के माध्यम से बूथ स्तर की समितियों के कार्यों का लेखा-जोखा लिया। संदीप मोहड़ ने जोर देकर कहा कि कार्यकर्ता केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने में सेतु का काम करें। साथ ही बूथ सशक्तिकरण,हर बूथ पर 'पन्ना प्रमुख' और समितियों को सक्रिय करने पर चर्चा हुई। योजनाओं का प्रचारः उज्ज्वला, पीएम आवास और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क साधने का निर्देश दिए,कार्यकर्ताओं से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और जनता के फीडबैक पर विस्तार से बातचीत की गई।बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संतोष जैन मोहगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप घाटोडे मौजूद रहे।



## गोप में एक दिवसीय विशेष शिविर का भव्य आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

शासकीय महाविद्यालय दमुआ में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में गोद ग्राम गोप में एक दिवसीय विशेष शिविर का शानदार आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस विशेष शिविर के आयोजन में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी श्री नीरज कुमार सल्लाम तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के श्री दिनेश इवनाती का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों में सामाजिक चेतना जागृत करना एवं विद्यार्थियों को सेवा भाव से जोड़ना रहा। शिविर के दौरान स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जागरूकता, नशा मुक्ति, शिक्षा का महत्व तथा कैरियर मार्गदर्शन जैसे विषयों पर विविध गतिविधियाँ आयोजित की गईं। स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान कर ग्राम की सफाई की गई एवं जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को उपयोगी संदेश दिए गए।वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## शिव पुराण सुनने से पापों का नाश होता हैः पंडित हरीश मिश्रा

**घोरावाड़ी।** ग्राम पंचायत करमोहोनी घोरावाड़ी स्थित एक निजी विद्यालय के प्रांगण में चौकसे परिवार के तत्वावधान में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया गया। सात दिवसीय इस धार्मिक आयोजन का समापन 31 दिसंबर को विधिवत रूप से संपन्न हुआ।कथा के दौरान कथावाचक पंडित हरीश मिश्रा जी महाराज ने अपने ओजस्वी वाणी और सरल शैली में भगवान शिव की महिमा, शिव–तत्व, सृष्टि की उत्पत्ति, शिव–पार्वती विवाह, भक्ति, वैराग्य एवं मानव जीवन में शिव उपासना के महत्व का भावपूर्ण वर्णन किया,कथा में पंडित हरीश मिश्रा ने बताया कि शिव महापुराण सुनने से पापों का नाश होता है मन को एकाग्रता और शांति मिलती है अंत में व्यक्ति को भोग और मोक्ष दोनों कि प्राप्ति होती है। कथा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन उपस्थित रहे और भक्ति भाव में लीन होकर कथा का आनंद लिया।आयोजन स्थल पर प्रतिदिन भजन–कीर्तन, आरती एवं प्रसादी वितरण किया गया। विशेष रूप से महाशिव तत्व पर आधारित प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। समापन दिवस पर हवन–पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन हुआ, जिसके बाद महाआरती और प्रसाद वितरण किया गया।



## महिला मंडल ने दी जैन रामायण पर सुंदर प्रस्तुति, आज होगी सिद्धचक्र विधान की पूर्णता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर के नई आबादी गांधी गंज स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जिनालय में चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान की पूर्णता आज गुरुवार 1 जनवरी 2026 के पावन दिवस होगी। विधान के सातवें दिवस बुधवार को सकल जैन समाज के साथ आयोजक कोल्ड स्टोरेज वाले भैयाजी परिवार, मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन ने पंडित अनुभव शास्त्री करेली, पंडित जिनेंद्र शास्त्री एवं दिव्यांश शास्त्री जयपुर के सानिध्य में प्रातःकाल की मंगल बेला पर जिनेन्द्र पूजन कर सिद्धचक्र महामंडल विधान की आराधना की ओर आठवीं पूजन के 850 अर्ध समर्पित कर शांति जाप कर पंडित अनुभव शास्त्री के प्रवचनों का लाभ लिया।जैन रामायण की दी सुंदर प्रस्तुति -सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में बालिका मंडल एवं महिला मंडल द्वारा जैन रामायण की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन जीत लिया। जिसका कुशल निर्देशन बाल ब्रह्मचारिणी डॉक्टर आरती जैन एवं संचालन श्रीमती प्रमिला संतोष जैन द्वारा किया गया।जिसमें श्रीराम की भूमिका तान्या जैन ने, लक्ष्मण की भूमिका उर्वशी जैन ने, महासती सीता की भूमिका निधि जैन ने, हनुमान की भूमिका दीप्ति जैन ने, रावण की भूमिका समीक्षा जैन ने, लव की भूमिका प्रगति जैन ने, कुश की भूमिका सोनल जैन ने, नारद की भूमिका कुणाली जैन ने एवं केकई की भूमिका समीक्षा जैन के साथ अन्य 51 कलाकारों ने रामायण के पात्रों की भूमिका निभाकर सुंदर अभिनय किया।

## युवाओं में पतंग उड़ाने और बैलगाड़ी के सफर का क्रेज

पर्यटकों में जबरदस्त उत्साह के बीच हुआ देवगढ़ महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए शुरू हुए देवगढ़ महोत्सव का शुभारंभ बुधवार को पर्यटकों के जबरदस्त उत्साह के बीच हुआ। इस तीन दिवसीय महोत्सव के पहले दिन छिंदवाड़ा, गुजरात, महाराष्ट्र के पर्यटक देवगढ़ पहुँचे और यहां चल रहे खेलों में मगन होकर बचपन को याद किया। युवाओं में पतंग उड़ाने और बैलगाड़ी में घूमने का क्रेज दिखा। महोत्सव का शुभारंभ पर्यटक सुश्री सुधा भारद्वाज द्वारा किया गया। शाम को देवगढ़ महोत्सव के उद्घाटन समारोह में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के परियोजना अधिकारी (होम स्टे) श्री आर.डी.सिद्दीकी, श्री मीन बहादुर लम्बा, नोडल अधिकारी श्री बलराम राजपूत, पर्यटक प्रबंधक श्री गिरीश लालवानी, देवगढ़ सरपंच श्री बलदेव धुर्वे सहित गणमान्य नागरिक व होम स्टे संचालक उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन व जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिला प्रशासन के साथ मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड, जय भवानी ग्राम विकास समिति देवगढ़ व जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के संयुक्त प्रयासों से हो रहे देवगढ़ महोत्सव में शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। आस-पास के गांवों से आए ग्रामीणों ने भी इसका लुफ़्त लिया। महोत्सव को पूरी तरह से प्लास्टिक फ्री बनाया गया है।

पहले दिन देवगढ़ महोत्सव में आने वाले पर्यटकों ने निःशुल्क बैलगाड़ी की सवारी की और पतंग उड़ाने, रस्सीकूद, कंचे, पिट्टू, लट्टू और गिल्ली-डंडा खेलने का भी कोई शुल्क पर्यटकों से नहीं लिया गया। पर्यटकों ने देशी भोजन का भी स्वाद लिया। यह देवगढ़ महोत्सव 2 जनवरी 2025 तक चलेगा। देवगढ़ महोत्सव में ग्रामीणों में पर्यटकों के लिए आकर्षक सजावटी वस्तुओं की दुकान लगाई है, जो पहले ही दिन आकर्षण का केंद्र रही। बांस से बने मिट्ठू, लैम्प और घोंसलों को पर्यटकों ने खूब पसंद किया।

निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी

## परासिया रोड से हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के आदेशानुसार शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान के तहत परासिया रोड स्थित एम.पी.ई.बी. कार्यालय के पास फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इसके साथ ही सर्किट हाउस से बी.एस.एन.एल. कार्यालय तक सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण पर भी कार्रवाई की गई।

कार्रवाई के दौरान मौके से बॉस, बल्ली, तिरपाल एवं गुमठियों को जब्त कर फटका मशीन में रखवाया गया। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने एवं आम नागरिकों की सुविधा के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### राष्ट्रीय दुय्यम खड़ा तमाशा का शुभारंभ

**सौसर/बोरगांव।** औद्योगिक क्षेत्र के बोरगांव में नववर्ष के उपलक्ष राष्ट्रीय दुय्यम खड़ा तमाशा कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम का उद्घाटन जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़, सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, उद्योगपति मोहन ताजने के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना और रिबन काटकर किया गया, ग्रामीण संस्कृति और लोक कला के संरक्षण के उद्देश्य से'राष्ट्रीय दुय्यम खड़ा तमाशा' कार्यक्रम में ग्राम के अलावा बड़ी संख्या में अन्य ग्रामों से ग्रामीण एवं कलाकारों ने पहुंचकर कार्यक्रम का आनंद लिया,उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संदीप मोहड़ ने कहा कि भारतीय संस्कृति को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सभी कलाकारों एवं ग्राम वासियों को बधाई देता हूं।तमाशा और लोक कलाएँ हमारी मिट्टी की पहचान हैं। 'दुय्यम खड़ा तमाशा' जैसी परंपराएं हमें अपनी जड़ों से जोड़ती हैं। आज के डिजिटल युग में इन कलाओं को जीवित रखना और नई पीढ़ी तक पहुँचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।



## 2025 में खदानें हुई बंद, जिला नहीं बना जुन्नारदेव, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई, बेरोजगारी के चलते पलायन बढ़ा

# नगर के 33 दुकानदारों पर गिरी गाज, दुकान टूटी, बेरोजगारी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नए वर्ष के आगमन की सभी को प्रतीक्षा रहती है, और इसी नए वर्ष से अनेकों उम्मीदें भी जुड़ी हुई रहती है। ऐसी ही उम्मीदें 2026 से भी क्षेत्र वासियों की जुड़ी हुई है, किंतु 2025 में जुन्नारदेव क्षेत्र की जनता को वह तो मिला नहीं जिसकी उम्मीद थी और जो मिलना था वह सब कुछ जाता रहा, ऐसे में क्षेत्र वर्तमान में पूरी तरह उजाड़ हो चला है। वर्तमान में क्षेत्र अपनी दुर्दशा स्वयं बयां कर रहा है।

### अब तक व्यापारियों को नहीं मिला किसी भी प्रकार का लाभ

वर्ष 2025 जुन्नारदेव के उन 33 व्यापारियों के लिए कभी ना भूलने वाला सदमा बन गया है जिन्होंने स्टेडियम परिसर में अपनी दुकान कोई है। लाखों रुपए खर्च करने के बाद खरीदी गई दुकानों का ना तो कोई मुआवजा व्यापारियों को मिला और ना ही दूसरी दुकान बनाकर उन्हें व्यापार के लिए दी गई है ऐसे में यह व्यापारी अब आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। व्यापारियों के सामने अपने परिवार का भरण पोषण करना एक बड़ी समस्या के रूप में सामने खड़ा है। व्यापारियों को शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि और राजनेताओं द्वारा बड़े-बड़े आश्वासन दिए गए थे किंतु अब तक व्यापारियों की सुध लेने कोई नहीं पहुंचा है ऐसे में यह व्यापारी अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं और जुन्नारदेव की राजनीति और जनप्रतिनिधियों के नकारेपन को खुले मन से कोस रहे हैं। वर्तमान में अनेकों छोटे व्यापारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं कुछ तो अपने घरों में ही बैठे हुए हैं और कुछ नए स्थान पर अपना व्यापार स्थापित किया है किंतु उनकी स्थिति अब भी बद से बदतर बनी हुई है। वह अब भी नए वर्ष में आस लगाए हुए हैं कि शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि और राजनेता उनके लिए कुछ ना कुछ करेंगे।

### न कन्हान बचा, न जिला बना जनता बनती रही मूर्ख

क्षेत्र में बंद होती कोयला खदानें और उजड़ता कोयलांचल अपनी दुर्दशा स्वयं ही बयां कर रहा है इस पर एक बार जनता को उम्मीद थी कि यदि जुन्नारदेव जिला बन जाए तो रोजगार के नए अवसरों में वृद्धि के साथ-साथ एक बार फिर से विकास की गति तेज होगी किंतु नाकारा राजनीति एक बार फिर नाकाम होती नजर आई जहां पर कोई भी दल अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा सका और जनता मूर्ख बनती रही राजनेताओं ने अपनी घटिया और निकम्मी राजनीति एक बार फिर जारी रखी और जनता को मूर्ख बनाते हुए उन में उम्मीद जगाई रखी ऐसे में जनता की उम्मीदों को भारी झटका लगा है जहां पर घटिया और निकम्मी राजनीति ने क्षेत्र को बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है, हालांकि कुछ हद तक कन्हान बचाओ मंच में सार्थक प्रयास जारी रखें और लोगों में उम्मीद भी जगाएं रखी है जिससे लगातार क्षेत्र के युवा जुड़ रहे हैं और क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने की बागडोर संभाल रहे हैं।

### रोजगार के अवसर हुए खत्म पलायन को विवश दिख रहे युवा

क्षेत्र में खदानों से ही व्यापार व्यवसाय पनप रहा था, जहां पर खदानों के बंद होने के साथ-साथ क्षेत्र में लगातार बेरोजगारी बढ़ रही है, वहीं नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचल के युवा अब पलायन करने को विवश है जो महानगरों में मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करेंगें। गिरता व्यवसाय स्तर अब व्यापारियों के लिए भी चिंता का कारण बन गया है, जहां पूर्व में नगर के बाजार में जो चमक थी वह अब पूरी तरह गायब हो चुकी है और व्यापारी अपने व्यापार को लेकर चिंतित और व्यथित नजर आ रहा है।

### बेरोजगारी के चलते अवैधानिक गतिविधियों में संलिप्त हो रहे युवा

क्षेत्र में बेरोजगारी के चलते अब युवा अवैध कामों के माध्यम से पैसा कमाने की चाह रख रहे हैं ऐसे में लगातार क्षेत्र में क्राइम रेट बढ़ रहा है। सामाजिक सरोकार की बुराई जुआ, सट्टा, चोरी, अवैध उत्खनन आदि में युवा पीढ़ी संलिप्त नजर आ रही है वहीं क्षेत्र के युवा ड्रग्स हथियार जैसे अवैध कामों को करने में भी परहेज नहीं कर रहे हैं।

## नव वर्ष की संध्या को होगा श्याम बाबा के कीर्तन का आयोजन

**जुन्नारदेव।** अभिषेक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा नव वर्ष 1 जनवरी 2026 की संध्या को श्याम बाबा के कीर्तन का आयोजन करेगी. अभिषेक दुर्गा उत्सव समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि नव वर्ष की रात बाबा श्याम के साथ संध्या का आयोजन पुरानी सब्जी मंडी वार्ड नंबर 5 में शाम 7:00 बजे से आरंभ होगा. यहां दरबार सेवा श्रीलखदातार दरबार सेवा ईकलहरा के द्वारा सजाया जाएगा.वहीं भजन संध्या की प्रस्तुति के लिए बैतूल के गायक शैलेंद्र डोंगरे,उज्जैन के गायक भास्कर पुरोहित, जबलपुर की गायिका यशी चौरसिया के द्वारा श्याम बाबा के शुमधुर गीतों का आयोजन करेंगे. समिति ने नगर में होने वाले आयोजन के लिए शहर वासियों से बड़ी से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की है. समिति ने बताया कि इस आयोजन के लिए आने वाले श्रोताओं की बैठक व्यवस्था के लिए सुविधा की गई है।

## सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा जलसंचय के लिए बोरी बंधान का आयोजन



**पांढुर्ना।** जिले के सौंसर विकासखंड के ग्राम वाघोडा में आज 31 दिसंबर को कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशानुसार जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक अनिल बोबडे के मार्गदर्शन में वाघोडा नदी पर जल संचय अभियान के हत बोरी बंधान किया गया। अभियान में नवांकुमर संस्था रानी दुर्गावती आदिवासी विकास एवं उत्थान समिति सौंसर अध्यक्ष मोरेश्वर मर्सकोले, परामर्शदाता दिनेश सोमकुंवर, सुनील डोंगरे, सुभाष ठाकरे एवं शारदा निकम के कुशल मार्गदर्शन में सामुहिक रूप से नदी की साफ सफाई कर जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान किया गया। आयोजन के दौरान ग्राम के नागरिकों से संवाद कर उन्हें जल का समुचित उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया तथा आगामी गर्मी के मौसम में जल के उचित प्रबंधन को लेकर ग्राम के लोगों से सहयोग की अपेक्षा की गई। सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वा नदी से पॉलिथीन निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया एवं प्रतिदिन घाट की सफाई के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू सामाजिहक कार्यकर्ता छात्र छात्रागण अंकिता चौरे, योगिता चौधरी, ज्योति मस्के, अंजली, नेहा उईके, प्रिया जीवतोडे, रिया जीवतोडे, दीपाली बागडे, रिंकी भारद्वाज, पूनम चौधरी कविता डोंगरे, कीर्ति लोधी, भूमिका शेंडे, दिक्षा गजभिए एवं अतुल माकडे द्वारा श्रमदान कर उपस्थितजनों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

## योजनाओं का असल लाभ आमजन को मिलेः कलेक्टर

### समय सीमा प्रकरणों की हुई समीक्षा, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



जिले में सुशासन को सुदृढ करने और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में आज 31 दिसंबर को समय सीमा बैठक में विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा की कर विभागों की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन किया गया। बैठक में लंबित प्रकरणों, जनशिकायतों की प्रगति पर चर्चा कर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनहित से जुडे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन मे सौंसर में नवीन केंद्रीय विद्यालय प्रारंभर करने की दिशा में पहल करते हुए अनुविभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया। वहीं 15 वें वित्त आयोग के तहत नवीन फायर स्टेशन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया आगे बढाने के निर्देश दिए गए। बडचिचोली में विद्यालय तक 600 मीटर पक्की सडक तथा ग्राम देवी में हनुमान मंदिर के समीप नाले पर पुलिया निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा गया। वनग्राम रामूढाना को राजस्व ग्राम में परिवर्तित करने के संबंध में कलेक्टर वशिष्ठ ने तहसीदारों को निर्देश दिए। ग्राम रायबासा की आवेदिका अनीता धुर्वे को विकलांग सहायता योजना के तहत आगामी जनवरी के दूसरे सप्ताह में जबलपुर अथवा पाढर में निशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजे जाने तथा वाहन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। लाडली बहना योजनांर्गत ग्राम तिगांव की मंगला देवाशे प्रकरण में तकनीकी त्रृटि सुधारने के निर्देश ग्राम पंचायत सचिव को आइडी सुधार हेतु दिए गए।

ग्राम माल्हुड के नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्र में पानी एवं बिजली की सुविधा प्रदान किए जाने को कहा गया। सीएम हेल्पलाइन की 500 एवं 1000 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के कडे निर्देश कलेक्टर ने दिए। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत ज्ञापनों एवं आवेदनों के निराकरण हेतु जिले में नवीन एवं प्रभावी व्यवस्था लागू की गई। सडक दुर्घटनाओं में पीडितों के हितार्थ ''नगदी रहित उपचार योजना 2025'' लागू किए जाने की जानकारी बैठक में दी गई। विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा जल यवस्था एवं अमरावती रोड की खराब स्थिति से अवगत कराए जाने पर कलेक्टर वशिष्ठ ने आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त कलेक्टर नेहा सोनी, डिप्टी कलेक्टर प्रेक्षा पाठक एवं प्रियंक मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों का पचमढ़ी शैक्षणिक भ्रमण



**बिछुआ।** बिछुआ के सुप्रसिद्ध सीबीएसई स्कूल आई.टी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, झामटा के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के तत्वावधान में मध्यप्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन एवं शैक्षणिक स्थल पचमढ़ी का सफल शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रकृति, इतिहास एवं भौगोलिक विशेषताओं का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बी फॉल, पांडव गुफा एवं म्यूजियम जैसे प्रमुख दर्शनीय स्थलों का अवलोकन किया। शिक्षकों द्वारा प्रत्येक स्थल की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक महत्ता की जानकारी दी गई, जिससे विद्यार्थियों में सीखने की रुचि और अधिक बढ़ी।विद्यालय प्रबंधन ने यात्रा के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा, अनुशासन एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा। सभी छात्र-छात्राएं शिक्षकों के मार्गदर्शन में अनुशासित ढंग से भ्रमण करते नजर आए। विद्यार्थियों ने इस यात्रा को ज्ञानवर्धक, रोचक एवं यादगार बताया।विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ ने इस सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## इंगोले फिर बने शिवसेना पांढुर्ना शहर अध्यक्ष



**पांढुर्ना।** शिवसेना (यूबीटी) ने पांढुर्ना शहर इकाई की कमान फिर से एक बार फिर अपने पुराने और जमीनी नेता संजय इंगोले को सौंपी है। यह नियुक्ति शिवसेना मध्यप्रदेश सचिव एवं किसान सेना प्रदेश प्रमुख रजनीश गिरे के आदेश तथा प्रदेश प्रमुख सुनील शर्मा की सहमति पर की गई। शिवसेना कार्यकर्ताओं को आशा है कि इस नियुक्ति के बाद संगठन को शहरी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य होगा और बडे स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा विद्यार्थी सेना एवं महिला सेना का गठन किया जाएगा। गौरतलब है कि संजय इंगोले वर्ष 2000 में नगर अध्यक्ष, 2007 में तहसील प्रमुख, 23014 में जिला प्रमुख तथा 2024 में जबलपुर संभाग प्रमुख जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहे है। इनकी पुनः नियुक्ति से शिवसेना कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

### तहसील में 3 दिनों तक विभिन्न ग्रामों का करेगी भ्रमण

## अखण्ड दीप रथ यात्रा का आज वारासिवनी तहसील में आगमन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



तहसील वारासिवनी में अखण्ड दीप रथ यात्रा का आगमन 1 जनवरी की शुभ बेला पर होने जा रहा है। वर्ष 2026 परम वन्दनीय माता भगवती शर्मा देवी की जन्म शताब्दी समारोह, परम पूज्यनीय आचार्य श्रीराम शर्मा द्वारा वर्ष 1926 में अखण्ड ज्योति (प्रज्जवलित) प्राकट्य की शताब्दी एवं पूज्यवर के रथ वर्षीय महापुर चरण साधना के शुभारंभ की भी शताब्दी वर्ष है। परिजनों द्वारा इन तीन शताब्दियों को अखण्ड ज्योति कलश यात्रा से भारत एवं पूरे विश्व में जागरण का शंख फूंका है। यह ज्योति कलश यात्रा 11 दिम्बर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक बालाघाट जिले में भ्रमण कर रही है। 1 जनवरी 2026 की प्रातः कालीन से रथ यात्रा वारासिवनी तहसील में प्रवेश कर रही है। तहसील समन्वयक जी. एस. बिसेन ने बताया कि अखण्ड दीप रथ यात्रा 1 जनवरी 2026 को सरदार पटेल कॉलेज डोंगरिया में प्रातः काल साढ़े 08 बजे पहुंचेगी। जहॉ पर पूजन अर्चन कर वारासिवनी तहसील के ग्रामों एकोड़ी, रेंगाटोला, पिपरिया भाण्डी, दीनी, लिंगमारा, लड़सड़ा एवं मेंडकी में दीप यज्ञ एवं रात्रि विश्राम किया जायेगा। उसके बाद 02 जनवरी 2026 को प्रातः मेंडक्री से झाडगांव, डोके, गर्रा, थानेगांव, महदूली, सिकन्द्रा, वारासिवनी शहर में रथ यात्रा भ्रमण करेगी। शाम को ग्राम सिकन्द्रा में दीप यज्ञ एवं रात्रि विश्राम होगा। उसके बाद 03 जनवरी 2026 को रथ यात्रा सिकन्द्रा से निकल कर वारासिवनी, चन्दोरी, सरंडी, सावंगी, बुदबुदा, सिर्रा, कोचेवाही, गटापायली, बासी, बघोली, कौलीवाड़ा पहुॅचेगी। जहॉ पर दीप यज्ञ एवं रात्रि विश्राम होगा। उसके बाद 04 जनवरी 2026 को रथ यात्रा प्रातः काल कौलीवाड़ा से बालाजी श्रीराम मंदिर रामपायली पहुॅचेगी। जहॉ पर पूजन अर्चन कर तहसील खैरलांजी की ओर रथ सौंपा जायेगा। अखण्ड दीप के दर्शन पूजन कर तहसील के सभी धर्म प्रेमी पुण्य लाभ कमाये।

## एक शिक्षिका पांच क्लास को पढ़ा रही, मामला प्राथमिक शाला गुलवा



**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** विकासखण्ड किरनापुर के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला गुलवा में एक शिक्षिका पांच क्लास को पढ़ा रही। बुनियादी शिक्षा को हाईटेक बनाने के नाम पर जहां केन्द्र व प्रदेश सरकार कायाकल्प सहित अन्य योजनाओं के नाम पर लाखों करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं के अभाव में परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा पर बुरा असर पड़ रहा है। कुछ इसी तरह का हाल प्राथमिक विद्यालय गुलवा का है, जहां एक शिक्षिका के भरोसे पांच कक्षाओं का संचालन करवाया जा रहा है। इस बात की जानकारी शिक्षा विभाग के खण्ड शिक्षाधिकारी किरनापुर सहित अन्य उच्चाधिकारियों को दी गई है, लेकिन उक्त विद्यालय में शिक्षक की तैनाती नहीं की जा सकी। प्राथमिक विद्यालय गुलवा में कार्यरत शिक्षिका भूमिका ठाकरे जो 2012 से शासकीय प्राथमिक विद्यालय गुलवा में पदस्थ हैं ने बताया कि शिक्षा विभाग की ओर से उन्हें लेकर दो शिक्षक कार्यरत थे, जिसमें अधिकारियों के आदेश पर शिक्षक सुरजलाल सोनवाने को बीआरसी कार्यालय किरनापुर में कार्यवाहक जनशिक्षक 2020 में कर दी गई। शिक्षक सोनवाने को बीआरसी में जनशिक्षक हो जाने के बाद आज तक किसी शिक्षक को उनके स्थान पर नहीं भेजा जा सका, जबकि ऐसा आदेश है कि कोई विद्यालय एकल नहीं होना चाहिए। बताया कि उनके पत्र को संज्ञान लेते हुए बीईओ गणेश प्रसाद सोनी ने बीआरसी को पत्र लिखकर शिक्षक की तैनाती किए जाने का पत्र जारी किया है।दो दिन पूर्व उक्त विद्यालय में तैनात शिक्षिका की तबीयत खराब हो जाने से बच्चों को पढ़ाने वाला कोई नहीं था, सिर्फ रसोईयां का कार्य करने वाली दायिओं ने किसी तरह स्कूल पहुंचे बच्चों को दोपहर बारह बजे तक बैठाए रखा, इसके बाद छोड़ दिया। ग्रामीणों द्वारा सूचना पर तहसील पत्रकार मदन मोहन पाराशर स्कूल पहुंचने पर स्कूल की स्थिति को देखते हुए बीइओ गणेश प्रसाद सोनी को इसकी सूचना दी गई जिस पर उन्होंने स्कूल में शिक्षक की कमी को पूरा करने आश्वासन दिया। शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष दिनेश बांगरे ने बताया कि शासकीय प्राथमिक शाला गुलवा में दो शिक्षक पदस्थ हैं जिसमें एक शिक्षक सोनवाने जो 2020से बीआरसी कार्यालय किरनापुर में जनशिक्षक के रूप में पदस्थ हैं लेकिन उनके स्थान पर आज तक कोई भी शिक्षक नहीं आया है एक शिक्षिका ही पांच कक्षाओं को पढ़ाती हैं। बीईओ गणेश प्रसाद सोनी ने बताया कि आपके द्वारा सूचना मिलने पर तत्काल शासकीय प्राथमिक शाला गुलवा के स्कूल के लिए शिक्षक की कमी को देखते हुए गुलवा मे शिक्षक की नियुक्ति के आदेश प्रसारित किया जायेगा।

## सरस्वती विद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

**वारासिवनी।** स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वीर बाल दिवस कार्यक्रम प्राचार्य राजेन्द्र मिश्रा के मुख्य अतिथि एवं आचार्य दयानंद धुवारे की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में दीपक टेम्भरे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना कर सरस्वती वंदना की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में महिमा नेवारे कक्षा चौथी तथा रिषभ भटरे कक्षा दसवीं ने सिखों के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादों के बलिदान को याद करते हुए अपने शब्दों में अपनी बात रखी। आचार्य दीदी शारदा चौधरी ने भी अपने उद्बोधन में बलिदान को याद किया। आचार्य श्री धुवारे ने आभार व्यक्त करते हुए बच्चों को प्रेरणा लेने की बात कही और कहा कि ईमानदारी, निडरता, बलिदान का महत्व वीर बाल दिवस समझाता है। कार्यक्रम का सफल संचालन आचार्या पल्लवी चित्रीव ने किया।

## जल संचय हेतु सोनपुरी में किया गया बोरी बँधान



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** जल संचय अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के द्वारा जल संचय अभियान के तहत प्रसफुटन ग्राम सोनपुरी में बोरी बंधान किया गया मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देश अनुसार नवांकुर संस्था आर्य समाज कल्याण समिति एवं ग्राम विकास प्रसफुटन समिति के द्वारा आज जल संचय अभियान के तहत ग्राम पंचायत सोनपुरी में बोरी बंधान कार्यक्रम किया गया जिसमें जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक महेश पटले के द्वारा उपस्थित सदस्यों को बताया कि यह मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाया जा रहा है एक प्रदेशव्यापी अभियान है जिसका मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण करना जल स्त्रोतों नदियां तालाब आदि का जीर्णोद्धार करना और भूजल स्तर को बढ़ाना है या अभियान 2024 में नारी शक्ति से जल शक्ति थीम के साथ विशेष रूप से महिलाओं की भागीदारी पर जोर देता है जिसमें जल संरक्षण के लिए छोटे, छोटे चेक डैम रिचार्ज पेट और रूमटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग जैसी संरचनाओं का निर्माण किया जाता है कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सोनपुरी के सरपंच सुनील उइके, सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक़ ग्राम के वरिष्ठ नागरिक सत्यनारायण ,राहंगडाले डॉ प्रभात घुले, समाज सेवी अमन गौतम एवं प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष ज्योति वरकडे,सचिव संदीप गजभिये,प्रस्फुटन समिति दलदला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमरे एंड समिति के सदस्य, सरिता मात्रे, ममता कटरे, ममता राऊत, सुनीता घुले, ताशन बाई राहंगडाले, एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र. विमल भावे, संतु यादव पूर्णिमा राहंगडाले,दीपा मेश्राम, मोहित दूधमोगरा अमित गौतम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए 15 दिनों का समय

## भूमिहीन व्यक्तियों के नामों की प्रारंभिक सूची जारी

### 5 जनवरी को होगा अंतिम सूची का प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

नगरीय क्षेत्र के भूमिहीन व्यक्तियों को पट्टा प्रदान करने की मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल तथा राजस्व विभाग भोपाल के निर्देशों के अनुरुप नगरपालिका परिषद वारासिवनी के अंतर्गत भूमिहीन व्यक्तियों का सर्वे करने के उपरांत उनकी प्रारंभिक सूची का प्रकाशन एसडीएम वारासिवनी द्वारा कर दिया गया है।

एसडीएम कार्यालय से जारी विज्ञप्ति अनुसार इस प्रारंभिक सर्वेक्षण सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर कोई भी व्यक्ति ठोस कारणों व दस्तावेजों के साथ अपनी लिखित आपत्ति एसडीएम कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। इस सर्वे की अंतिम सर्वेक्षण सूची का प्रकाशन 5 जनवरी 2026 को अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। इसीलिए समय समाप्त होने के बाद आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

विदित हो कि शासन के आदेश के बाद राजस्व व नगरपालिका के द्वारा नगर के विभिन्न वार्डो में भूमिहीन व्यक्तियों का सर्वे किया गया था। जिसमें लगभग 339 लोगों के नाम सामने आए थे। इन सभी की जॉच के बाद 238 व्यक्ति अपात्र पाए गए और 101 व्यक्ति पात्र पाये गए है। जिनकी सूची तहसीलदार वारासिवनी एवं नगरपालिका परिषद वारासिवनी कार्यालय के नोटिस पटल पर चस्पा की गई है। जनसामान्य द्वारा इस सूची का निरीक्षण किया जा सकता है और जिन्हें भी इस सूची पर कोई आपत्ति हो, वह 15 दिनों के अंदर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

### वाहन मालिकों के बीच चली जुबानी जंग, यातायात हुआ प्रभावित

## सिनेमा चौक में ट्रक ने पिक-अप को मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज कटंगी।





नगर के सिनेमा चौक में बड़केश्वर मंदिर के ठीक सामने बुधवार की सुबह करीब साढ़े 10 बजे के आसपास धान से भरे एक ट्रक ने सड़क पर खड़े पिक-अप वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों ही वाहन क्षतिग्रस्त हुए। जिसके बाद घटनास्थल पर दोनों ही वाहन संचालकों के बीच जमकर जुबानी जंग चली। विवाद को देखने के लिए यहां तमाशबीन जनता की भीड़ जमा हो गई। जिससे कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित हुआ। ट्रक संचालक जो घटना के वक्त वहां मौजूदा नहीं था उसका तर्क था कि पिकअप वाहन सड़क पर खड़ा था जिस कारण हादसा हुआ। वहीं पिकअप वाहन मालिक ने ट्रक चालक पर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर टक्कर मारने का आरोप लगाया। इसी बात को लेकर दोनों ही वाहन मालिकों के बीच करीब आधे घंटे तक जमकर जुबानी जंग चली लेकिन दोनों ही वाहन मालिक थाने में एक-दूसरे की शिकायत करने के लिए नहीं गए। थाने नहीं जाने की वजह बिलकुल साफ थी दोनों ही वाहन यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। ट्रक जिसने टक्कर मारी जिसमें क्षमता से अधिक सरकारी धान भरकर परिवहन किया जा रहा था। जबकि पिकअप वाहन सड़क पर खड़ी थी। जिस कारण वाहन संचालकों के बीच केवल भरपाई कौन भरेगा इसी बात को लेकर बहस चली।

इस सड़क हादसे के बाद स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि सिनेमा चौक की होटल और भोजनालय के संचालकों के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। ऐसे में यहां आने वाले लोग सड़क पर ही अपना दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़ा करते है। जिससे सिनेमा चौक में आवागमन प्रभावित होता है और हादसे होने का खतरा भी बना रहता है। दरअसल, कटंगी शहर में यातायात व्यवस्था बुरी तरह से चरमराई हुई है। बस स्टैण्ड से लेकर सिनेमा चौक और पुराना पेट्रोप पंप चौक से लेकर अर्जुननाला और मुंदीवाड़ा रोड़ पर लोग सड़क पर अपनी दुकान लगा देते है ऐसे में जब कोई ग्राहक दुकानों में खरीददारी करने के लिए अपने वाहन से जाता है तो वह सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़ा कर देता है। नगर में यातायात की सुचारू व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी पुलिस और नगर परिषद की हैं किंतु इन दोनों ही विभागों के बीच आपसी समन्वयक की कमी है। नगर परिषद के उपयंत्री राजेश चौकसे पहले ही शहर को बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर चके है उन्होंने नागरिकों को नाली पर निर्माण करने की अनुमति दे रखी है। कई जगह सड़क पर अतिक्रमण है परंतु उन्होंने अपनी आंखों में पट्टी बांध रखी है। खैर, कटंगी में यातायात की व्यवस्था तब तक नहीं सुधर सकती जब तक स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधि दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ इस दिशा में प्रयास ना करें।

खबर संक्षेप

## श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ 4 से

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** माता महाकाली एवं गुरू श्री डॉ.लक्ष्मण चैतन्य ब्रम्हचारी जी महाराज काशी उत्तर प्रदेश की असीम कृपा से श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन 4 से 10 जनवरी तक खैरीटेक सिवनी स्थित शिवशक्ति मैरिज लॉन में आयोजित है। कटंगी रोड स्थित माता महाकाली के सेवकों ने बताया कि ज्ञानयज्ञ महोत्सव में 4 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। प्रतिदिन पूजन 11.30 बजे एवं कथा का वाचन 4.30 बजे से ब्रम्हचारी उद्धव स्वरूप महाराज बागपत उत्तर प्रदेश द्वारा किया जाएगा। आयोजक बाबूलाल-श्रीमती कुंदा बघेल ने बताया कि 10 जनवरी को हवन व भंडारा के साथ कथा का समापन होगा। कटंगी रोड स्थित माता महाकाली के सेवकों ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण करने का आग्रह

# धान की गुणवत्ता पर उठते सवाल

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

गोदाम पर पहूच रही अमानक धान के रिजेक्ट किये जाने के पश्चात धान की गुणवत्ता पर ही प्रश्न चिन्ह खडे हो रहे है वैसे तो खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के द्वारा खरीफ उपार्जन 2025_26 के लिये भंडारण केन्द्रो मे सर्वेयर नियुक्त किये गये है तथा सर्वेयरो को दिशा निर्देश के लिये जिले मे सुपर वाइजर भी नियुक्त किये गये है ताकि खरीदी केन्द्रो मे एफ ए क्यू धान अथवा मोटा धान अनाज पूरी तरह सूखा हो तथा उसमे नमी मिट्टी कुसी सिकुड़े टूटे बदरंग एवं छतिगृसत दानो निर्धारित सीमा से कम हो और परिवहन के द्वारा भंडारण केन्द्र मे ऐसी ही धान से भरी बोरियो को रिजेक्ट करने का मामला सिवनी मे तूल पकडते नजर आ रहा है और इस मामले मे भारी हस्ताक्षेप और राजनैतिक दबाव के चलते भंडारण केन्द्र मे काम कर रहे कुछ सर्वेयर पर गाज भी गिरी है तथा कुछ सर्वेयर भी भंडारण केन्द्र से हटाये गये है जबकि इस सम्बध्द हटाये सर्वेयरो के द्वारा भी सुपर वाइजर को आवेदन प्रस्तुत कर अपना तर्क रखा गया है, किन्तु इस मामले मे जिले के सुपर वाइजर को ही निस्पक्ष कार्रवाई के लिये हस्ताक्षेप का मामला सामने आ रहा है जबकि यह भी सच है की कुछ केन्द्रो से बाहर से आ रही



अमानक धान भंडारण केन्द्र मे थोपी जा रही है और यही धान जिले के भंडारण केन्द्र मे दबाव बनाकर थोपने के प्रयास किये जा रहे है

### उत्पादन कम पंजीयन पूरा करने बाहर से आ रही धान

यहा यह भी उल्लेखनीय है की इस वर्ष किसानो को धान के उत्पादन मे भारी कमी आई है चुकि पिछले सत्र की तुलना मे किसानो को धान का उत्पादन ही कम हुआ है ऐसी स्थिति मे किसानो के पंजीयन पर धान बेचने वाले व्यापारी पंजीयन को पूर्ण करने के लिये बाहर से धान बुलाकर खरीदी केन्द्रो मे डाल रहे और यही आने वाली पुरानी धान अमानक श्रेणी मे आकर रिजेक्ट की श्रेणी मे आ रही है जिले के अधिकांश खरीदी केन्द्रो मे यह भी मामला सामने आया है की खरीदी मे घर से बोरिया तैयार होकर खरीदी केन्द्र पहूच रही है तथा बगैर भराई और तुलाई के केन्द्र मे खडी होकर सिलाई हो रही है ऐसी स्थिति मे धान की गुणवत्ता और एफ ए क्यू की क्या स्थिति होगी अन्दाजा लगाया जा सकता है

### खरीदी बढाने किया जा रहा यह कृत्य

यहा यह भी उल्लेखनीय है की कमीशन राशि बढाने के चक्कर मे धान खरीदी प्रभारी धान व्यापार से जुडे लोगो को यह सुविधा मुहैया कराकर अपनी ओर आकर्षित तो कर ही रहे है साथ ही मजदूर हम्माल के हक पर भी सीधा प्रहार कर रहे है तथा शासन से मिलने वाली प्रशासनिक राशि को भी निगल रहे तथा यह मिलने वाली सुविधा अमानक धान को बढावा दे रही है जिस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।



## सिवनी में साई सद्भावना पदयात्रा का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** आज शहर में सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश देने के उद्देश्य से साइ सद्भावना पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा में बड़ी संख्या में नागरिकों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भागीदारी लिया जाएगा। पदयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी। इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा शांति, एकता और सद्भावना का संदेश लिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि इस पदयात्रा के माध्यम से समाज में आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश लिया जाएगा।

# किसानों से वसूल की जाने वाली सिंचाई कर राशि में गबन होने की आशंका - उच्च स्तरीय जांच की मांग

संजय सरोवर परियोजना भीमगढ़ बांध डिविजन केवलारी के माध्यम से परियोजना का संचालन संधारण होता है, विगत 22 दिसंबर 2025 से कर्मचारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर डिवीजन कार्यालय के सामने अनशन पर बैठे थे जो की भुगतान प्राप्त होने और अधिकारियों के आवश्वासन के बाद अनशन बापिस लेकर काम में चले गए।

हरिभूमि न्यूज केवलारी।

बीते 6 माह पूर्व पदस्थ हुये पी एन नाग कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग ने कर्मचारीयों की मांग को गंभीरता से लेते हुये। कर्मचारीयों कि विभिन्न मांगो को उच्च स्तर पर प्रेषित कर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। बांध का संचालन और संधारण के लिए शासन स्तर से एवं डिवीजन स्तर से प्राप्त राजस्व से अनेक व्यवस्थाओ का निर्धारण होता है। विगत 3-4 बर्षो



से प्राप्त होने वाली किसानो की सिंचाई कर राशि में खजाना दाखिल में होने वाली समयावधि में विसंगतियां पाए जाने, डुब क्षेत्र के किसानों से ढाई हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से प्राप्त होने वाले राजस्व की राशि में भी गबन होने की आशंका, सिंचाई विभाग की समस्त कालोनियों से अर्जित किराये में गबन होने की आशंका सहित ओर भी महत्वपूर्ण राजस्व की जांच कराये जाने को लेकर रमाशंकर महोबिया पत्रकार ने मुख्य अभियंता बैनगंगा कछार से जांच कराये जाने की मांग की है।

# कलेक्टर-एसपी ने पीएम श्री विद्यालय सादक सिवनी का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता ने पीएम श्री विद्यालय सादक सिवनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शाला में उपलब्ध शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से संवाद किया।

कलेक्टर श्रीमती पटले एवं एसपी श्री मेहता ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों से विशेष रूप से चर्चा कर प्रत्येक विद्यार्थी से उनके करियर को लेकर सपनों एवं लक्ष्यों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने सपनों को साकार करने के लिए सतत मेहनत, अनुशासन एवं आत्मविश्वास के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों के लिए नियमित रूप से करियर गाइडेंस उपलब्ध कराया जाए, जिससे छात्र अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप भविष्य की दिशा तय कर सकें। निरीक्षण के दौरान शाला की डिजिटल लाइब्रेरी कक्षा का भी अवलोकन किया गया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए डिजिटल लाइब्रेरी में बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं उपयोगी शैक्षणिक कंटेंट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### चायनीज मांझा के विक्रय पर किये प्रतिबंधित आदेश जारी

सिवनी, / कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने आगामी मकर संक्रांति पर्व के दौरान लोकहित तथा कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। जारी आदेशानुसार नायलोन, चीनी और कपास के साथ लेपित मांझा (चायनीज मांझा) के निर्माण, विक्रय तथा भण्डारण पर पूर्णत:प्रतिबंध रहेगा। साथ ही सभी तहसीलदारों, थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में चायनीज मांझे पर सतत निगरानी रखते हुये कार्यवाही करने के निर्देश जारी किये गये हैं।

## 5 जनवरी को जिले में आयोजित होगा, जैविक हाट बाजार

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उपसंचालक कृषि द्वारा जानकारी देकर बाताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव म.प्र. शासन के निर्देशानुसार जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों की उचित मार्केटिंग के लिये सप्ताह में कम से कम 01 दिन बाजार लगाने हेतु निर्देशों के परिपालन में सिवनी में दिनांक 05/01/2026 से जैविक हाट बाजार का शुभारंभ किया जा रहा है। जैविक हाट बाजार का शुभारंभ उद्यानिकी विभाग में स्थित कम्पनी गार्डन में किया जाना है। जैविक हाट बाजार में सिवनी जिले में उत्पादित जैविक अनाज जैसे-चावल, गेहूँ, श्रीअन्न, जैविक सब्जिया, जैविक खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद तैयार करने वाले कृषकों द्वारा अपनी उत्पाद विक्रय हेतु लाया जायेगा, जिसमें सम्मिलित होकर आम नागरिक जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का क्रय कर सकते है। शुभारंभ कार्यक्रम के पश्चात प्रत्येक सप्ताह दिन - रविवार को जैविक हाट बाजार हेतु थोक सब्जी मंडी नागपुर रोड सिवनी में स्थान आरक्षित किया गया है जिसमें जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद लेकर आने वाले कृषकों को बाजार हेतु स्थान उपलब्ध कराया जायेगा। अतः नागरिकों से अपील है कि वे दिनांक 05/01/2026 को कंपनी गार्डन में आयोजित होने वाले जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित होकर जैविक उत्पादों को क्रय कर कृषकों को प्रोत्साहित करें।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता मे सहभागिता किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता मे मुख्य अतिथि के रूप मे सहभागिता किया। तथा ग्राम सरगापुर मे आयोजित विशाल ईनामी दंगल मे शामिल हुए। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर मे सिवनी कबड्डी एकेडमी द्वारा आयोजित जबलपुर जोन स्तरीय जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता 2025 मे भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे सहभागिता किया। जहां पर आयोजन समिति द्वारा आपश्री की बाजे-गाजे से भव्य आगवानी कर फूलमालाओं आत्मीय स्वागत व शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इसके उपरांत विधायक दिनेश



राय मुनमुन के करकमलों से मैदान पूजन व खिलाडिय़ों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।इस दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अपने उदबोधन मे कहा कि कबड्डी केवल एक खेल नहीं है यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है।यह शरीर के लिए लाभकारी तो है मस्तिष्क को भी स्वस्थ रखता है। यह खेल हमें सिखाता है कि कैसे विपरीत परिस्थितियों में भी संघर्ष करना है और अपनी सांसों पर नियंत्रण रखना है तथा पूरी टीम को साथ लेकर जीत हासिल करनी है। आगे विधायक दिनेश राय मुनमुन जी ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में खेलेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया का सपना साकार हो रहा है।

खेलो इंडिया अभियान के माध्यम से आज गांव-गांव की प्रतिभा को मंच मिल रहा है। हमारी सरकार खिलाडिय़ों को न केवल बेहतर संसाधन दे रही है, बल्कि मेडल जीतने वाले खिलाडिय़ों के लिए सरकारी नौकरियों और सम्मान की भी व्यवस्था की है।

विधायक दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि जीतना महत्वपूर्ण है लेकिन उससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण है खेल भावना के साथ खेलना। यहां पर कोई हारता नहीं है या तो वह जीतता है या वह कुछ सीखता है। इसके साथ ही श्री राय ने आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई, साधुवाद देते हुए कहा कि उन्होंने युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का यह मौका दिया। तथा खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दिया। इसके पश्चात विधायक दिनेश राय मुनमुन ग्राम सरगापुर मे आयोजित विशाल ईनामी दंगल कार्यक्रम अतिथि के रूप मे शामिल हुए।

## विश्व शांति और जन जन के कल्याण हेतु श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

कान्हीवाड़ा से 7 किलोमीटर की दूरी पर सागर नदी के तट पर (हिनोतिया थावरी पोंगार भाटा के मध्य) प्रतिवर्ष अनुसार इस 27 में वर्ष में भी विश्व शांति और जन जन के कल्याण हेतु श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का सार्वजनिक आयोजन किया गया है कार्यक्रम के संयोजक श्रीराम ठाकुर ने बताया कि यह आयोजन पिछले 26वर्षो से प्रतिवर्ष मकर संक्रांति के पर्व पर आयोजित किया जाता है इस वर्ष भी महायज्ञ का आयोजन 11 जनवरी से 19 जनवरी तक किया गया है। इस दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक हवन पूजन एवं दोपहर 1.30 बजे से 4.30 बजे तक प्रतिदिन ओजस्वी कथा प्रवक्ता आचार्य श्री हेमंत कृष्ण जी महाराज (खायरा बरसाना) के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा अमृत की वर्षा होगी। साथ ही प्रतिवर्ष अनुसार विशाल मेला भी आयोजित है। महायज्ञ हेतु भूमि पूजन एवं ध्वज पूजन का आयोजन 31 दिसंबर को दोपहर 2 बजे आयोजित किया गया है। इसी के साथ ही कार्यक्रम की संपूर्ण तैयारी पूर्णता की ओर है भूमि पूजन एवं 11 से 19 जनवरी2026 तक आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा एवं मेला में समस्त धर्म प्रेमी बंधु सादर आमंत्रित हैं।

### नारी सशक्तिकरण मिशन के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशानुरूप प्रदेश में बालिकाओं और महिलाओं की उन्नति में चुनौतियों और बाधाओं के समाधान एवं समय सशक्तिकरण के लिए नारी सशक्तिकरण मिशन लागू किया गया है।

नारी सशक्तिकरण मिशन के क्रियान्वयन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल नियुक्त किया गया है साथ ही जिला स्तर पर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठित की गई हैं। जिसमें पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, जिला परिवहन अधिकारी सिवनी, जिला श्रम अधिकारी सिवनी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग, जिला विधिक सहायता अधिकारी विधि और विधायी कार्य विभाग सिवनी, जिला खेल अधिकारी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग सिवनी, जिला खाद्य अधिकारी, उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, प्रोग्राम अधिकारी नगरीय विकास एवं आवास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला अधिकारी पर्यटन विभाग, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय सिवनी उच्च शिक्षा विभाग, प्राचार्य आईटीआई तकनीकि शिक्षा विभाग, प्रबंधक एनआरएलएम कौशल विकास जिला पंचायत सिवनी, पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, विमुक्त घुमंतु एवं अद्धघुमंतु कल्याण विभाग, जिला उद्योग नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग, जिला अधिकारी सहकारिता विभाग, जिला अधिकारी पशुपालन व डेयरी विभाग, जिला अधिकारी मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग को सदस्य तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल नियुक्त किया गया है।

## हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं ने किया बरघाट थाने का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास सिवनी मनोज लारोकर के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अंतर्गत संचालित हब फॉर एंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत जिले में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से दिनांक 29 दिसम्बर 2025 को बरघाट परियोजना अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं का बरघाट थाना भ्रमण कराया गया।

कार्यक्रम के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री ललित गठरे ने थाना की कार्यप्रणाली की जानकारी दी तथा साइबर अपराध से संबंधित घटनाओं के उदाहरण साझा करते हुए सुरक्षा




संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। बरघाट थाना प्रभारी श्री मोहनीश बैंस ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बिना भय के पुलिस सहायता प्राप्त कर सकती हैं।

इस अवसर पर सब-इंस्पेक्टर श्रीमती नीलू उईके ने बताया कि महिलाओं से संबंधित मामलों में पुलिस द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई की जाती है, अतः महिलाएं किसी भी प्रकार का अपराध सहन न करें। वहीं वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक सुश्री ईशा बाल्मिक ने वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में शामिल महिलाओं एवं बालिकाओं ने कहा कि थाना भ्रमण से उनमें पुलिस के प्रति भरोसा एवं आत्मविश्वास बढ़ा है। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर से सेंटर एडमिन श्रीमती नारायणी सक्सेना, केस वर्कर श्रीमती सोनल सक्सेना, सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित रहीं।

### प्रतापगढ़ गांव में श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण आयोजन

# तीसरे दिन अनसूया प्रसंग ने श्रोताओं को भाव-विभोर किया

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिले के छपारा क्षेत्र के समीप स्थित प्रतापगढ़ गांव में नागेश परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें तीसरे दिन की कथा में श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में जारी है। इस पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित उमाकांत महाराज मधुर वाणी में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर रहे हैं।

कथा के तीसरे दिन पंडित उमाकांत महाराज ने माता अनसूया प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और



प्रेरणादायी वर्णन किया, जिसे सुनकर पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

### पतिव्रता नारी की महिमा का अद्भुत प्रसंग

कथा वाचक ने बताया कि माता अनसूया भारतीय संस्कृति में पतिव्रता धर्म, त्याग, तप और सेवा की सजीव मूर्ति हैं। उनके तप और पवित्रता से प्रसन्न होकर त्रिदेव—ब्रह्मा, विष्णु और महेश को भी बालक रूप धारण करना पड़ा। यह प्रसंग यह सिखाता है कि सच्चा धर्म, अहंकार रहित भक्ति और निष्ठा से भगवान स्वयं भक्त के वश में हो जाते हैं।

पंडित उमाकांत महाराज ने कहा कि अनसूया केवल एक चरित्र नहीं, बल्कि नारी शक्ति और संस्कारों की जीवंत प्रेरणा हैं। आज के समय में परिवार, समाज और संस्कृति को बचाने के लिए उनके आदर्शों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है।

### श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

अनसूया प्रसंग के दौरान कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भक्ति रस से ओत-प्रोत भजनों और कथावाचन के दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा के अंत में आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

## डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल ड्रीमलैण्ड सिटी में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी** डी.पी.सी. रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल ड्रीमलैण्ड सिटी में दो दिवसीय वार्षिक स्नेह सम्मेलन सम्पन्न शहर के प्रतिष्ठित डी.पी.सी. ग्रुप ऑफ इन्सटीट्यूशन जिसके अंतर्गत डी पी सी रोल मॉडल एक्सीलेंस स्कूल एवं डी.पी. चतुर्वेदी महाविद्यालय बारापत्थर सिवनी का दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन ड्रीमलैण्ड सिटी में सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्यअतिथि के रूपमें उपस्थित संस्कृत भारती महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री डॉ. मनोज पाण्डे ने अपने उद्बोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिकश्चस्नेह सम्मेलन को प्रत्येक वर्ष मनाये जाने से बच्चों का बौद्धिक, मानसिक एवं सांस्कृतिक विकास किया जाकर समाज और संस्कृति से जोड़ा जाता है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। वार्षिक स्नेह सम्मेलन में विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दीं,



जिनमें नृत्य, संगीत, नाटक, कविता पाठ और फैशन शो प्रमुख रहे। इन प्रस्तुतियों ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि सामाजिक मूल्यों, राष्ट्रप्रेम और नैतिक संदेशों को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दो दिवसीय आयोजनों में महाविद्यालय की दो प्रस्तुतियां जिनमें नाटक आदि गुरू शंकराचार्य और सदाबहार अभिनेता धर्मेन्द्र पर नृत्याकन सराहनीय रहा। विद्यालय स्तर पर कक्षा 9वीं की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कल्प विग्रह, कक्षा 6वीं एवं 7वीं छात्रों द्वारा ए.आई. रोबोटिक्स, कक्षा 8वीं छात्राओं द्वारा मोहिनी अट्टन एवं कक्षा 7वीं छात्राओं द्वारा चारो युग पर नृत्यांकन आकर्षण का प्रमुख केन्द्र रहे।

इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी छात्रों कृष्णा गहलोद (आई.आई.टी. मुम्बई) एवं अराध्य चतुर्वेदी के द्वारा छात्रों को प्रेरणादायी उद्बोधन दिया गया। एवं इस वर्ष मध्यप्रदेश की प्रावीण्यत सूची में स्थान प्राप्त छात्रों में कक्षा 12वीं की छात्रा अनन्या तिवारी (96 प्रतिशत), अराध्य चतुर्वेदी (96 प्रतिशत), अथर्व चतुर्वेदी (95 प्रतिशत), माही सेन (90.2 प्रतिशत) तथा कक्षा 10वीं के छात्र आंशी पारधी, चांसी गौतम, तम्मना कहार को सम्मनित किया गया। एवं विद्यालय के राज्य स्तरीय कब्बडी खिलाड़ी अभिषेक चंद्रवंशी, एवं खिलाड़ी अनन्या गौर को सम्मनित किया गया। तथा महाविद्यालय के राज्य स्तरीय शतरंज खिलाड़ी शिवांश गुप्ता, एवं नविका डेहरिया को भी सम्मनित किया गया।

इस अवसर पर संस्था के चयरमेन डॉ. के.के. चतुर्वेदी ने कहा कि स्नेह सम्मेलनों से छात्रों के बीच सामांजस्य बढ़ता है एवं सामाजिक समरसता का संचार होता है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अमिता चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## मोबाईल पाकर लोगों के चेहरे खिले

# वेलडन बालाघाट पुलिस 1.10 करोड़ रूपये के लौटाए मोबाईल

**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमित्त उपाध्याय ने विधिवत प्रक्रिया के बाद मोबाइल धारकों को उनके फोन सौंपे। इस दौरान सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया, थाना प्रभारी कामेश धुमकेती और साइबर सेल प्रभारी अभिलाष मिश्रा भी उपस्थित थे**





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को 170 गुम मोबाइल फोन उनके मालिकों को लौटाए। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत 34 लाख रुपये है। पुलिस ने इस साल कुल 1 करोड़ 10 लाख रुपये मूल्य के गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके धारकों को सौंपे हैं।

बालाघाट साइबर पुलिस ने CEIR (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की मदद से इन गुम हुए मोबाइलों का पता लगाया। साइबर सेल ने विभिन्न स्थानों से इन फोनों को बरामद किया। बुधवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमित्त उपाध्याय ने विधिवत प्रक्रिया के बाद मोबाइल धारकों को उनके फोन सौंपे। इस दौरान सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया, थाना प्रभारी कामेश धुमकेती और साइबर सेल प्रभारी अभिलाष मिश्रा भी उपस्थित थे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमित्त उपाध्याय ने बताया कि साइबर पुलिस ने CEIR पोर्टल की सहायता से 170 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 34 लाख रुपये है। इस अवसर पर 40 आवेदकों को उनके मोबाइल फोन सौंपे गए।

उपाध्याय ने यह भी बताया कि CEIR पोर्टल आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुम हुए मोबाइल फोन खोजने का एक प्रभावी माध्यम है। नागरिक ceir.gov.in पर, मोबाइल के ट्रैकर सिस्टम के माध्यम से, या साइबर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके गुम हुए मोबाइल की सूचना दे सकते हैं।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में घबराएं नहीं। तुरंत नजदीकी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं और CEIR पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करें। इस अभियान में साइबर सेल प्रभारी अभिलाष मिश्रा, आरक्षक मेघा तिवारी, चांदनी शांडिल्य, शिखा मिसारे सहित जिले के विभिन्न थानों के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हट्टा पुलिस ने शराब तस्करों को दबोचा

**हट्टा थाना प्रभारी अविनाश राठौर ने मुकबीर की सूचना पर घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर गिरफ्तार किया**



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले में हट्टा थाना पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए नैतरा निवासी एक युवक को अवैध शराब परिवहन करते गिरफ्तार किया है। आरोपी बाइक से 55 लीटर देशी और लाल मसाला शराब सालेटेका से चिखला की ओर ले जा रहा था, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

हट्टा थाना प्रभारी अविनाश राठौर ने बताया कि पुलिस को देर रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक से अवैध शराब लेकर चिखला की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को सक्रिय किया गया। सूचना के आधार पर पुलिस ने चिखला क्षेत्र में घेराबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध बाइक को रोककर जांच की गई, जिसमें शराब की खेप मिलने पर आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस जांच में आरोपी के पास से कुल 55 लीटर देशी शराब और लाल मसाला शराब बरामद की गई। शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही बाइक को भी जब्त कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ग्रामीण थाना अंतर्गत नैतरा निवासी सुरेश लिल्हारे के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी शराब बेचने की नीयत से सालेटेका से चिखला की ओर जा रहा था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। हट्टा पुलिस अब आरोपी से यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसके पीछे कोई संगठित नेटवर्क तो नहीं है।

इस कार्रवाई में एएसआई विजय पटले, प्रधान आरक्षक विनोद कुमरे, कमलेश भौतेकर, नंदकिशोर ठाकुर, मोहन पटेल और अविनाश गोनकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर लगातार नजर रखी जा रही है और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी।

# रमाई आंबेडकर परिसर भरवेली में डॉ भीमराव आंबेडकर की पवित्र अस्थि धातु का आगमन




हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

आज 1 जनवरी 2026 को भीमा कोरेगांव गांव शौर्य दिवस महोत्सव के कुशल अवसर पर रमाई आंबेडकर परिसर भरवेली में परम पूज्य बोधिसत्व डॉ भीमराव आंबेडकर की पवित्र अस्थियों धातु का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 8 बजे से भव्य बाइक रैली का नगर भ्रमण डॉ आंबेडकर चौक में बाबा साहब आंबेडकर जी को वंदन करने के उपरांत बाबा साहब की पवित्र अस्थियों को भव्य शोभा यात्रा के साथ रमाई आंबेडकर परिसर भरवेली में आगमन होगा, उसके उपरांत दोपहर 1.00 बजे से वंदनीय भिक्षु संघ भदंत यश श्रीलंका, भदंत अश्वजीत नागपुर, भदंत धम्मशिखर, बालाघाट भदंत संपजानों अरुणाचल प्रदेश द्वारा परित्राण एवं धम्मदेशना शाम 4 बजे तक, शाम 5 बजे से सामूहिक भोजन एवं शाम 7 बजे से संगीतमय समाज प्रबोधन कार्यक्रम प्रारंभ होगा। अतः जिले के समस्त बुद्ध आंबेडकर अनुयायियों से विनम्र निवेदन है कि डॉ बाबा साहब आंबेडकर जी की पवित्र अस्थियों के दर्शनार्थ अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होवे।

# गर्रा ओवरब्रिज, अब तक अधूरा, कछप गति से हो रहा निर्माण

**26 जून 2025 तक होना कम्पलीट, ठेकेदार की लापरवाही का दंश, भुगत रहे आमजन**



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले का गर्रा रेलवे ओवरब्रिज निर्माण अपनी निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं हो सका है। आधिकारिक तौर पर इस ओवरब्रिज का निर्माण कार्य 26 जून 2025 तक पूर्ण होना था, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखते हुए अब इसके वर्ष 2026 में ही पूरा होने की संभावना जताई जा रही है।

लगभग 21 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से बन रहा यह ओवरब्रिज 688 मीटर लंबा और 12 मीटर चौड़ा है। निर्माण एजेंसी सेतु संभाग ने कार्य में हो रही देरी के लिए रेलवे विभाग को जिम्मेदार ठहराया है, हालांकि सेतु संभाग का अपना कुछ कार्य भी अभी शेष है।

सेतु संभाग के एसडीओ अर्जुनसिंह सनोडिया के अनुसार, उनके विभाग से संबंधित शेष निर्माण कार्य को 31 दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, निर्माण की धीमी गति को देखते हुए कलेक्टर ने पूर्व में रेलवे अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए थे कि रेलवे लाइन पर गर्डर लॉन्चिंग का काम 15 फरवरी तक हर हाल में पूरा किया जाए। रेलवे विभाग का दावा है कि गर्डर मंगवा लिए गए हैं और जल्द ही लॉन्चिंग की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

गर्डर लॉन्च करने से पहले रेलवे और जिला प्रशासन ने ब्लॉक निर्माण और मार्ग बंद करने की तैयारियां की हैं। सुरक्षा के मद्देनजर गर्डर लॉन्चिंग के दौरान मेगा ब्लॉक लिया जाएगा, जिससे इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

फिलहाल यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए गर्रा रेलवे फाटक से केवल दोपहिया वाहनों को आने-जाने की अनुमति दी गई है।

हल्के चार पहिया वाहनों के लिए मार्ग परिवर्तित किया गया है। इन वाहनों को वैनगंगा नदी से डेंजर रोड, पॉवर हाउस और आकाशवाणी रोड होते हुए शहर में प्रवेश दिया जा रहा है। निर्माण कार्य में हो रही देरी के कारण स्थानीय लोगों को आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे अब सभी की नजरें फरवरी में होने वाली गर्डर लॉन्चिंग पर टिकी हैं।

## आरोप-पैसों का लालच देकर जुर्म कबूल करने बनाया जा रहा दबाव

# एसडीओ, रेंजर और वन कर्मियों की थाने में शिकायत



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

उप वनमंडल अधिकारी बी.आर.सिरसाम, वन परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार, वनपाल सतीश उईके, वनरक्षक दिलीप परिहार और सुरेन्द्र खरोले के खिलाफ बुधवार की शाम साढ़े 04 बजे तिरोड़ी थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज हुई है। वन विभाग के इन अफ़सरों और कर्मचारियों के खिलाफ रामजी टोला के ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज करवाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि इन सभी ने उनके साथ बेरहमी से मारपीट की और अब पैसों का लालच देकर जुर्म कबूल करने का दबाव बनाया जा रहा है। पूरा मामला वन्य प्राणी बाघ की मौत से जुड़ा हुआ है। बीते दिनों 12 दिसंबर को वन परिक्षेत्र कटंगी के अंबेझरी बीट के कक्ष क्रमांक 562 में वन्य प्राणी बाघ का शव मिला था। प्रारंभिक जांच में करंट की चपेट में आने से बाघ की मौत होने की पुष्टि हुई थी। पूरे मामले में जानकारी देते हुए वन मंडल अधिकारी नित्यानयम एल ने कहा था बाघ की मौत कहीं और हुई है। कक्ष क्रमांक 562 में शव को लाकर फेंका गया है। उन्होंने वास्तविक घटनास्थल और आरोपियों की तलाश करने की जिम्मेदारी अपने मातहत कर्मचारियों को सौंपी। किंतु घटना के 20 दिन बाद भी वन विभाग को वास्तविक घटनास्थल और आरोपियों का कोई सुराग तक नहीं मिल पाया है। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी लगातार संदेहियों से पूछताछ कर रहे हैं। इसी पूछताछ के दौरान उन पर ग्रामीणों से बेरहमी से मारपीट करने और अब पैसों का लालच देकर अपराध कबूल करने का दबाव बनाने का आरोप लग रहा है।

ग्राम पंचायत चाकाहेटी के सरपंच देवेन्द्र मरकवाड़े और आदिवासी नेता देवराज पन्द्रे ने बुधवार को रामजी टोला के लोगों के साथ पहुंचकर थाने में फारेस्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों की शिकायत दर्ज करवाई है। दरअसल, बाघ की मौत के दो दिन बाद यानी 14 दिसंबर की शाम करीब साढ़े 04 बजे वन विभाग की टीम ने रामजी टोला निवासी मोहन इनवाती, मुनिराज पंद्रे, पांडरी निवासी राहुल इनवाती, आंजनबिहरी निवासी राहुल लसुंते, अंकित मेश्राम और आनंद लाड़े से विश्राम गृह तिरोड़ी में पूछताछ की। इन ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग ने पूछताछ के नाम पर नग्न कर बेरहमी से पिटाई की गई लेकिन जब किसी ने भी अपराध करना स्वीकार नहीं किया तो 15 दिसंबर की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे छोड़ दिया और सभी से एक कोरे कागज में हस्ताक्षर लिए। आज थाने पहुंचे मोहन इनवाती ने बताया कि वन विभाग दो लाख रुपए लेकर जुर्म कबूल करने का दबाव बना रहा है और अन्य लोगों को 25 हजार रुपए लेकर सरकारी गवाह बनने के बोल रहा है। 30 दिसंबर की दोपहर वन विभाग के कुछ लोग मोहन को लेने के लिए रामजी टोला गए जहां ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों को मोहन को अपने साथ ले जाने से रोक लिया और अब वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की शिकायत दर्ज करवाई है।

आदिवासी नेता देवराज पन्द्रे ने बताया कि वन विभाग जानबूझकर जंगल के किनारे रहने वाले लोगों को परेशान कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वन विभाग अगर अपनी इन हरकतों से बाज नहीं आया तो वह तमाम ग्रामीणों के साथ मिलकर विभाग के खिलाफ आंदोलन करेंगे। दूसरी तरफ वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों पर वन्य प्राणी बाघ की मौत के वास्तविक घटनास्थल और आरोपियों का पता लगाने का दबाव बढ़ता ही जा रहा है। वन विभाग के स्थानीय अधिकारी और कर्मचारियों वरिष्ट अधिकारियों के दबाव के चलते ग्रामीणों से और अधिक सख्ती से पूछताछ कर रहे है।

## मामला शासकीय राशि के गबन का

# भांडामुर्री डगवेल घोटाला : भ्रष्टाचारियों पर ठोस कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे सीईओ अभिषेक सराफ


सतपुड़ा भूमि

तिरोड़ी | बोनकटा | कंटगी | बैहर | वारासिवनी | हटा

मामला ग्राम पंचायत भांडामुर्री का

भांडामुर्री डगवेल घोटाला - सुर्खियों के बावजू... प्रशासनिक 'आँखें बंद', सांठगांठ की बू...

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा की ग्राम पंचायत भांडामुर्री में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के तहत डगवेल (रिचार्ज पीट) के निर्माण में सरपंच, प्रभारी सचिव,उपयंत्री सहायक यंत्री, मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन में शासन को गुमराह कर जालसाजी की गई है कागजों में निर्माण पूरा कर लिया गया और कार्य पूर्ण किए बिना ही राशि का आहरण कर गबन किया गया है जो अपराध है जिला स्तरीय जांच दल के प्रतिवेदन ने यह स्पष्ट कर दिया है निर्माण केवल कागजों में ही हुआ है जमीनी धरातल पर नहीं।



**सुनियोजित मिलीभगत , योजनाओं में पलीता:** भुगतान की जटिल प्रक्रिया में मस्टररोल का ऑनलाइन सत्यापन (वेलवेंसेशन) उपयंत्री द्वारा किया जाता है मटेरियल बिलों पर सरपंच-सचिव और उपयंत्री के हस्ताक्षर, नोटशीट पर APO और AE की मुहर, और अंत में राशि आहरण के लिए CEO के डिजिटल हस्ताक्षर की आवश्यकता होती है, जो साबित करती है कि यह किसी एक कर्मचारी का कारनामा नहीं, बल्कि ग्राम पंचायत से लेकर जनपद स्तर तक आला अधिकारियों की एक सुनियोजित मिलीभगत कर योजनाओं में पलीता लगाया जाता है और बिना काम कराये राशि का आहरण कर लिया गया लेकिन बलि का बकरा सिर्फ एक पंचायत का ही कर्मचारी क्यों. ऐसे तमाम सवाल जो जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं.?

**कब गिरेगी भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही की गाज:** ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री मे किए गए भ्रष्टाचार की जांच जिला प्रशासन के आदेश पर जिला स्तरीय दल द्वारा की गई जिसमें डगवेल (रिचार्ज पिट ) के निर्माण में घोर भ्रष्टाचार पाया गया जांच के दौरान निरीक्षण में पाया गया कि मौके पर डगवेल ( रिचार्ज पिट ) नहीं बनाए गए कुछ अधूरे पड़े हुए नजर आए और राशि पूर्व में ही सरपंच और सचिव द्वारा निकाल कर डकार ली गई जो गबन है। शिकायत की जांच पर आरोप तय होने के बावजूद भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट द्वारा छोटे स्तर के ही कर्मचारी को ही नोटिस दे रहे है। सवाल यह है कि जनपद में बैठे मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मनरेगा एपीओ, और सहायक यंत्री की भूमिका क्या है.? क्या इन्हें सरकार ने जो दायित्व और कर्तव्य दिए हैं उन्हें यह अधिकारी निष्ठा पूर्वक निभा पा रहे हैं.? अगर जनपद में बैठे जिम्मेदार अधिकारी अपने दायित्व को निभा रहे थे तो सरकार की महत्वाकांक्षी गंगा संवर्धन अभियान योजना में भ्रष्टाचार कैसे हुआ.? डगवेल (रिचार्ज पिट) का निर्माण जमीन पर क्यों नहीं हुआ.? यह पूरा मामला सुनियोजित है इस गंभीर मामले पर सीईओ अभिषेक सराफ को तत्काल ही योजना में सुनियोजित तरीके से पलीता लगाने और शासन से जालसाजी करने वाले अधिकारियों को चिन्हित कर प्राथमिकी दर्ज करना चाहिए और भ्रष्टाचारियों को जेल भेजना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि शासन की महत्वाकांक्षी और जन कल्याणकारी योजनाओं में पलीता ना लगाए और सरकार का उद्देश्य पूरा हो सके।

## परसवाड़ा में अवैध रेत खनन पर रोक लगाने मुख्यमंत्री सहित अन्य अधिकारियों को लिखे गए पत्र

# बेबुनियाद आरोप लगाने वाले दिमागी दिवालियापन के शिकार हैं : मधु भगत



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन को लेकर लग रहे आरोपों पर विधायक मधु भगत ने सख्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनके विरुद्ध लगाए जा रहे सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद, तथ्यहीन और कुंठाग्रस्त मानसिकता का परिणाम हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि विधायक बनने के बाद से ही उन्होंने परसवाड़ा क्षेत्र में अवैध रेत खनन पर अंकुश लगाने और नदियों के संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री से लेकर जिले के कलेक्टर और खनिज विभाग के अधिकारियों तक विधिवत पत्राचार किया गया है, जिसके सभी दस्तावेज और प्रमाण उनके पास उपलब्ध हैं।

एक अनौपचारिक चर्चा के दौरान विधायक मधु भगत ने बताया कि अवैध रेत उत्खनन केवल राजस्व की क्षति नहीं, बल्कि नदियों के अस्तित्व और पर्यावरण के लिए भी गंभीर खतरा है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जनप्रतिनिधि होने के नाते हर वह कदम उठाया जो उनका कर्तव्य है।

**मुख्यमंत्री को सौंपा गया पत्र, जांच समिति गठित करने की मांग:** विधायक भगत ने बताया कि जब 11 मई 2025 को मुख्यमंत्री लांजी प्रवास पर आए थे, तब उन्होंने उन्हें पत्र क्रमांक 390 सौंपा था। इस पत्र के माध्यम से राजस्व विभाग के अधीनस्थ आने वाले नदी घाटों से हो रहे अवैध रेत उत्खनन की विस्तृत जांच की मांग की गई थी। पत्र में उल्लेख किया गया कि विकासखंड किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बटरमारा तक नदी घाटों से लाखों घन मीटर रेत का अवैध उत्खनन किया गया है, जिससे शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हुआ है और नदियों की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है।

इसके पूर्व भी दिनांक 31 मार्च 2025 को पत्र क्रमांक 327 के माध्यम से जांच समिति गठित कर दोषी रेत माफिया एवं जिम्मेदार राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने का आग्रह किया गया था।

**स्वीकृत रेत खदानों के दस्तावेज अब तक उपलब्ध नहीं:** विधायक ने बताया कि 15 अप्रैल 2025 को पत्र क्रमांक 354 के माध्यम से वर्ष 2025 में स्वीकृत रेत खदानों से संबंधित समस्त दस्तावेज मांगे गए थे, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन स्थानों पर विधिवत खनन की अनुमति है और किन स्थानों पर अवैध उत्खनन किया जा रहा है। यह पत्र कलेक्टर बालाघाट एवं खनिज अधिकारी बालाघाट को भी प्रेषित किया गया, लेकिन खेद का विषय है कि वर्तमान तिथि तक इस संबंध में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई।

**विधानसभा पटल पर भी उठाया मुद्दा:** मधु भगत ने कहा कि उन्होंने केवल पत्राचार तक ही सीमित न रहकर विधानसभा पटल पर भी इस गंभीर विषय को उठाया है। उन्होंने विधानसभा में तारांकित प्रश्न क्रमांक 40807, दिनांक 29 जुलाई 2025 के माध्यम से मुख्यमंत्री से यह जानकारी मांगी कि बालाघाट जिले में अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने एवं घाटों के सीमांकन को लेकर उनके द्वारा पूर्व में दिए गए पत्रों पर अब तक क्या कार्रवाई की गई है। साथ ही उस कार्रवाई का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत करने की मांग भी की गई।

**कलेक्टर को लिखा गया विस्तृत पत्र:** इसी क्रम में 31 मार्च 2025 को पत्र क्रमांक 321 के माध्यम से कलेक्टर बालाघाट को पुनः अवैध रेत उत्खनन की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया कि ग्राम पंचायत बटरमारा तक राजस्व विभाग के अधीनस्थ नदी घाटों से अवैध उत्खनन के कारण शासन को करोड़ों रुपए के राजस्व की क्षति हो रही है। इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई।

पत्र में यह भी कहा गया कि संबंधित रेत घाटों का स्थल निरीक्षण किया जाए, ग्रामवासियों से कथन लिए जाएं और यह स्पष्ट किया जाए कि किस-किस व्यक्ति द्वारा अवैध उत्खनन किया गया है। साथ ही नाप की प्रक्रिया के माध्यम से यह निर्धारित किया जाए कि कितने घन मीटर रेत का अवैध खनन हुआ है।

**ठेकेदार पर कार्रवाई और ब्लैकलिस्ट की मांग:** विधायक भगत ने बताया कि पत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि संबंधित स्थानों पर रेत ठेकेदार द्वारा अवैध उत्खनन किया गया है। यदि जांच में निविदाकार दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाए तथा खनिज विभाग में जमा अमानत राशि को जब्त किया जाए। उन्होंने कहा कि यह मांग पूरी तरह नियमों और कानून के दायरे में की गई है।

**आरोपों पर तीखा पलटवार:** विधायक मधु भगत ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि उनके द्वारा अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ लगातार शासन से पत्राचार किया जा रहा है, जिसके सारे दस्तावेज और सबूत मौजूद हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति यदि यह आरोप लगाता है कि वे स्वयं या उनका परिवार अवैध उत्खनन में शामिल है, तो यह उस व्यक्ति के दिमागी दिवालियापन को दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि किसी के परिवार पर इस प्रकार के आरोप लगाना यह प्रमाणित करता है कि आरोप लगाने वाला व्यक्ति संकीर्ण सोच और कुंठाग्रस्त मानसिकता से ग्रस्त है। यह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि राजनीति के गिरते स्तर को भी दर्शाता है।

**जनता के प्रति जवाबदेही:** विधायक भगत ने स्पष्ट किया कि एक जनप्रतिनिधि के रूप में उनकी जिम्मेदारी किसी नेता या राजनीतिक व्यक्ति के प्रति नहीं, बल्कि क्षेत्र की जनता के प्रति है। उन्होंने कहा कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ उनकी लड़ाई निरंतर जारी रहेगी और इसमें किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

अंत में विधायक मधु भगत ने कहा कि परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की नदियों, पर्यावरण और राजस्व की रक्षा के लिए वे हर स्तर पर आवाज उठाते रहेंगे। चाहे इसके लिए उन्हें कितने ही पत्र लिखने पड़ें या विधानसभा में मुद्दा उठाना पड़े, वे पीछे हटने वाले नहीं हैं।